परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय -२ मुंबई

सामयिक परीक्षा -१ (२०२४ -२५)

विषय : हिंदी **अधिकतम अंक : ४०** **प्राप्तांक : -----------------**

विद्यार्थी का नाम : ---

कक्षा /वर्ग : ५ ---------------- अनुक्रमांक : ----------------- दिनांक : ----------------------------

निरीक्षक के हस्ताक्षर : ----------------- परीक्षक के हस्ताक्षर : -----------------------------------

प्रश्न क्र.1 **दी गई कहानी को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दो** : **(१ x ५ = ५)**

किसी गाँव में एक किसान रहता था । उसके चार बेटे थे। वे सारे आपस में हमेशा लड़ते झगड़ते रहते थे । इस बात से किसान बहुत दुखी रहता था । जब उस किसान का आखिरी समय आया तो उसने अपने चारों बेटों को अपने पास बुलाकर कहा ," अब मेरा अंतिम समय आ गया है ।मेरा एक काम करो , बाहर से लकड़ियाँ लेकर आओ । जब वे सारे लकड़ियाँ लेकर आ गए तो उसने उन्हें एक-एक लकड़ी तोड़ने के लिए कहा जो उन्होंने आसानी से तोड़ दी |उसके बाद उसने उन चारों से उन लकड़ियों का गट्ठर बनाने के लिए कहा। गट्ठर के बन जाने के बाद उसने उन चारों से उस गट्ठर को तोड़ने के लिए कहा । उन चारों ने बहुत कोशिश की पर वे उस गट्ठर को नहीं तोड़ पाए । फिर उस किसान ने अपने बेटों को प्यार से समझाया कि अगर तुम आपस में एक साथ मिलकर रहोगे तो कोई भी तुम्हें नुकसान नहीं पहुँचा पाएगा । लेकिन अगर आपस में ऐसे ही झगड़ा करते रहे तो कोई भी तुम्हारे लिए खतरा बन कर तुम्हें नुकसान पहुँचा सकता है । इस बार बेटों को अपने पिता की बात समझ में आ गई और वे चारों आपस में मिलकर रहने लगे|

i) किसान किससे दुखी रहता था ?

क) अपने बेटों से ख) बीमारी से ग) चोरों से घ) किसी से नहीं

उत्तर-________________________________

ii) किसान ने अपने बेटों से क्या लाने के लिए कहा ?

क)लड़की ख) लकड़ियाँ ग) दवाई घ) पानी

उत्तर-________________________________

iii) इस कहानी से आपको क्या शिक्षा मिलती है ?

क)एकता में बल है ख) लड़ना चाहिये ग) काम करो घ) कोई शिक्षा नहीं मिलती

उत्तर-________________________________

iv)वचन बदलो –

क) लकड़ी - ______________ ख) बेटा- ____________

v) लिंग बदलो-

क)बेटा- _________ ख) पिता- ___________

प्रश्न :२ दी गई सूचना के अनुसार कीजिए:- (१ ×१०=१०)

i) वचन बदल कर लिखिए-

क) लता - __________________

ख) मित्र- ____________________

ii) उचित विशेषण चुनकर लिखिए- [अच्छा , ऊँचा]

क) हिमालय _____________ पर्वत है।

ख) रमेश ____________ लड़का है।

iii)शब्दों का क्रम सही करके वाक्य बनाइए-

साड़ी / नहीं / बेचता / है / खिलौनेवाला /

____

iv) निम्न वाक्य में संज्ञा शब्द पर गोला लगाए|

क) पतंग उड़ रहा है।

ख) आसमान नीला है।

v) निम्न वाक्य में सर्वनाम शब्द पर गोला लगाए |

क) यह मेरी घड़ी है।

ख) उसका घर कहाँ है।

vi) निम्न शब्दों के लिंग बदलो|

अध्यापक- **.....................** शेर- **.................**

vii) निम्न शब्द का वाक्य में प्रयोग करें|

हाज़िरजवाबी-

..

viii) मुहावरे का अर्थ लिखें

दिन रात एक करना –

...

ix) मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करे

दिन रात एक करना **-**

...

x) निम्न वाक्य में से व्यक्तिवाचक और जातिवाचक संज्ञा छाँट कर लिखें|

मैंने आज भोजन में खिचड़ी खाई |

क) व्यक्तिवाचक **........................**

ख) जातिवाचक **..........................**

प्रश्न :३ निम्न सवालों के जवाब लिखिए-

i) केरल में फ़सलों से जुड़ा कौन–सा त्योहार मनाया जाता है**?** (१ x १ =१)

----

ii) तिब्बत के मंत्री अपने बेटे के भोलेपन से क्यों चिंतित रहते थे**?** (२ x १ = २)

iii) अकबर को पहरेदार की दखलंदाज़ी अच्छी क्यों नहीं लगी**?** (२ x १ = २)

प्रश्न : ५ 'मेरा प्रिय त्योहार' विषय पर पांच वाक्य लिखो | (१ x ५ = ५)

प्रश्न : ४ निम्न वर्तनी को ठीक करके लिखो: (१ x ५ = ५)

i) सम्स्या ______________

ii) दखी ______________

iii) धमधाम ______________

iv) रससी ______________

v) समझदर ______________

प्रश्न : ५ निम्न चित्र के बारे मे पांच वाक्य लिखो |



प्रश्न :६ निम्न अनुच्छेद को शुद्ध और सुंदर लिखावट में लिखिए-

जल को जीवन माना जाता है। जल का उपयोग हम पीने, नहाने, सिंचाई करने तथा साफ़-सफ़ाई में करते हैं। इन कार्यों के लिए हमें स्वच्छ जल की आवश्यकता होती है। जल में प्लास्टिक , सड़े -गले पदार्थ, कीटाणुनाशक आदि मिलने से जल प्रदूषित हो जाता है। अतः हमें जल को प्रदूषित नहीं करना चाहिए। जल को अमृत कहा गया है

इसलिए इसकी स्वच्छता को बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। इसके लिए अगर नल से पानी टपकता है तो उसे तुरंत बनवाइये और अगर ऐसा नहीं कर सकते हैं तो नल के नीचे बड़ी बाल्टी या कटोरा लगा दीजिए। रोज़-रोज़ कपड़े धोने से ज्यादा पानी खर्च होता है इसलिए इकठ्ठा कपड़े धोएँ।